

अखबार वो जो दिखाता है सच
हिन्दी दैनिक

# तेजयुग न्यूज़

स्थापना दिवस 2024

www.tejyug.com
शनिवार, 16 मार्च, 2024
Saterday, 16 March, 2024

• वर्ष/year : 01 • अंक/issu : 75 • पृष्ठ/page 12 • मूल्य/rate : 3 ₹
हापुड़ से प्रकाशित/ Published From Hapur

UPHIN/2023/51292

### नाबालिग लड़की के खिलाफ यौन उत्पीड़न का लगा आरोप

# कर्नाटक के पूर्व मुयमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ केस दर्ज

**तेजयुग न्यूज़**

**नईदिल्ली:** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पुलिस ने एक मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, येदियुरप्पा पर नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। इसी सिलसिले में उनके खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई है।

उनके खिलाफ पॉक्सो और 354 (A) आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता का मां ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। उनका आरोप है कि घटना दो फरवरी को एक बैठक के दौरान हुई।आरोप पर येदियुरप्पा ने कहा कि कुछ दिन पहले एक महिला मेरे घर आई थी। वह रोते हुए कह रही थी कि कुछ समस्या है। मैंने उससे पूछा कि मामला क्या है और मैंने खुद पुलिस को फोन किया। कमिश्नर को मामले की जानकारी दी और उनसे उसकी मदद करने को कहा। बाद में महिला मेरे खिलाफ बोलने लगी। मैंने यह मामला पुलिस कमिश्नर के ध्यान में लाया है। कल पुलिस ने मेरे खिलाफ शिकायत दर्ज की। देखते हैं आगे क्या होता है, मैं क्या कर सकता हूं। मैं यह नहीं कहूंगा कि इसके पीछे कोई राजनीतिक मकसद है।

मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि कल रात लगभग 10 बजे एक महिला ने बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जब तक हमें सच्चाई नहीं पता, हम कुछ भी खुलासा नहीं कर सकते। यह एक संवेदनशील बात है क्योंकि इसमें एक पूर्व सीएम शामिल हैं। मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई राजनीतिक एंगल है। अगर पीड़ित महिला को सुरक्षा की जरूरत होगी तो दी जाएगी।

**राजनीतिक एंगल नहीं:** गृह मंत्री येदियुरप्पा के खिलाफ नाबालिग से यौन उत्पीड़न के आरोप में कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि कल रात लगभग 10 बजे एक महिला ने बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। कुछ लोगों का कहना है कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। मुझे नहीं लगता इसमें कोई राजनीतिक एंगल है। अगर पीड़ि महिला को सुरक्षा की जरूरत होगी तो दी जाएगी।

### 50 लोगों पर ऐसी ही शिकायतें

पुलिस सूत्रों का कहना है कि पीड़ित लड़की की मां पहले भी बेंगलुरु के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर आलोक कुमार समेत 50 लोगों के खिलाफ ऐसी ही शिकायतें दर्ज करा चुकी है। कुमार के खिलाफ पहले 29 जनवरी, 2021 और 21 सितंबर, 2022 को रिपोर्ट दर्ज करा चुकी है और 18 जनवरी, 2022 को भाजपा नेता भास्कर राव पर उसकी जिंदगी बर्बाद करने की साजिश रचने का आरोप दर्ज कराया था।



### सीआईडी को सौंपी गई जांच : पुलिस महानिदेशक

भाजपा के दिग्गज नेता के खिलाफ पॉक्सो मामला आगे की जांच के लिए अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दिया गया है। पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने बंगलूरु पुलिस को भेजे अपने संदेश में कहा, मामले को तत्काल प्रभाव से आगे की जांच के लिए सीआईडी को सौंप दिया गया है।

### मामले में दो वीडियो सामने आए

मामले में दो वीडियो सामने आए हैं। इसमें से एक लड़की ने खुद बनाया है, जिसमें वह अपनी मां के साथ येदियुरप्पा के घर गई है। लड़की की मां ने येदियुरप्पा को अप्पा जी कहते हुए बताया कि उनके गृहनगर शिमोगा से आई है। महिला बोली कि उसके पास कुछ करोड़ की संपत्ति है जो मुकदमे में फंसी है। वह उनकी मदद चाहती है। एक अन्य वीडियो में वही महिला घर में घुसते ही येदियुरप्पा के बगल में बैठी व उनका हाथ पकड़ा। इस वीडियो पर येदियुरप्पा ने कहा कि महिला उनसे मिलने की नाकाम कोशिश के बाद जब रो रही थी तो उसे घर में आने दिया। येदियुरप्पा ने कहा कि पुलिस कमिश्नर से मिलने के बाद मामला पलट दिया गया। मेरे ही खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है।

### खत्म होगा इंतजार!

# आज लोस चुनावों की तारीखों का ऐलान कर सकता है ईसी

**तेजयुग न्यूज़**

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग के 2 नए चुनाव आयुक्तों के लिए नाम फाइनल हो गए हैं। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में गुरुवार (14 मार्च) को हुई सेलेक्शन कमेटी की बैठक में केरल के ज्ञानेश कुमार और पंजाब के बलविंदर संधू के नाम फाइनल हो गए हैं। इस बैठक में विपक्ष के नेता अधीर रंजन ने भी शामिल हुए थे। इस बीच सूत्रों ने कहा है कि चुनाव आयोग के आज शुक्रवार (15 मार्च) को लोकसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान करने की उम्मीद है।

चुनाव के ऐलान के साथ ही देश में चुनावी आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। दलों ने जम्मू कश्मीर में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव कराने की भी मांग की।




### कई राज्यों में विधानसभा चुनाव

लोकसभा चुनाव के साथ ही निर्वाचन आयोग जम्मू-कश्मीर, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में भी विधानसभा चुनाव का ऐलान करेगा। हालांकि, जम्मू-कश्मीर पर क्या फैसला होगा। कयास लगाए जा रहे हैं आगामी लोकसभा चुनाव भी 2019 की तरह ही सात चरणों में हो सकते हैं।

### 2019 में बीजेपी को मिली थी बड़ी जीत

पिछले चुनाव में बीजेपी ने 303 सीटों पर जीत हासिल की थी और बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन को कुल 353 सीटें मिली थीं। बीजेपी ने उस चुनाव में 37।36 फीसदी वोट हासिल किए, जबकि एनडीए को 45 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने 52 सीटें जीतीं और कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 92 सीटें जीतीं। अन्य दलों के खाते में 97 सीटें गईं थीं।

**सात चरण में हुए थे पिछले लोकसभा चुनाव:** 2019 के लोकसभा चुनाव सात चरणों में संपन्न हुए थे। पहले चरण का मतदान 11 अप्रैल और आखिरी दौर का मतदान 19 मई को हुआ था। 2019 में 11 अप्रैल , 18 अप्रैल, 23 अप्रैल, 29 अप्रैल, 6 मई, 12 मई और 19 मई को वोटिंग की गई थी। चुनाव के परिणाम 23 मई को घोषित कि गए थे। पिछली बार भी लोकसभा चुनाव के साथ-साथ आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम राज्यों के विधानसभा चुनाव के चुनाव हुए थे।



हापुड़ **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 22.00°c°c | 11.00 °c°c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .10 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06 .25 बजे

### पंजाब के अमृतसर जिले में तीन किलो से अधिक हेरोइन और हथियार बरामद

**जालंधर:** सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब के अमृतसर जिले में तीन किलो 380 ग्राम हेरोइन, एक पिस्तौल और दो मैगजीन बरामद किए हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में एक संदिग्ध पैकेट की मौजूदगी के संबंध में बीएसएफ खुफिया से विशेष जानकारी के आधार पर, बीएसएफ सैनिकों द्वारा सुबह के समय एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया था। तलाशी के दौरान सुबह करीब 09:20 बजे सतर्क बीएसएफ जवानों ने पारदर्शी चिपकने वाली टेप से लिपटा हुआ 01 बड़ा पैकेट सफलतापूर्वक बरामद किया। पैकेट खोलने पर 04 छोटे-छोटे पैकेट मिले जिनमें पीले चिपकने वाले टेप से लिपटे 02 पैकेट और सफेद टेप से लिपटे 01 पैकेट में संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन - लगभग 3.380 किलोग्राम) थी। इसके साथ ही सफेद पॉलिथीन शीट में लपेटा हुआ 01 पैकेट जिसमें 02 मैगजीन के साथ 01 पिस्तौल बरामद हुआ।

### ममता बनर्जी के चेहरे पर लगे चार टांके

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चेहरे पर चार टांके लगे है और उनकी हालत स्थिर है। सुश्री बनर्जी को कालीघाट स्थित अपने घर में गिरने के बाद गुरुवार शाम एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पताल में चिकित्सकों ने उसके माथे पर तीन और नाक पर एक टांका लगाया तथा सीटी स्कैन सहित सभी आवश्यक परीक्षण किए। सूत्रों ने बताया कि उन्हें गुरुवार रात को छुट्टी दे दी गई। वह घर पर ही रहना चाहती थीं। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि उसकी पार्टी अध्यक्ष को गंभीर चोट लगी है।

### सुप्रीम कोर्ट में फिर हुई चुनावी बॉंड मामले की सुनवाई

# एसबीआई को पूरी जानकारी देने का निर्देश

**तेजयुग न्यूज़**

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी बांड के यूनिक अल्फा न्यूमेरिक नंबरों सहित संपूर्ण विवरण का खुलासा नहीं करने पर शुक्रवार को फटकार लगाई और उसे नोटिस जारी करके सोमवार तक अपना जबाव दाखिल करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने एसबीआई को नोटिस जारी करते हुए कहा कि अदालत को सूचित किया गया कि चुनावी बांड जारी करने वाले बैंक ने प्रत्येक बांड की यूनिक अल्फा न्यूमेरिक संख्या का खुलासा नहीं किया है।

**›› चंदा दो धंधा लो का व्यापार है यह**

**›› कुल कमाई से ज्यादा चंदा भी दिया**

**›› रेड पड़ी तो चंदा दिया कंपनियों ने**

शीर्ष अदालत के समक्ष वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि 15 फरवरी 2024 के संविधान पीठ के फैसले के अनुसार सभी विवरणों का खुलासा किया जाना था। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि चूंकि एसबीआई फैसले में एक पक्ष है इसलिए उसे नोटिस जारी किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि एसबीआई के वकील को यहां होना चाहिए था। पीठ ने कहा, यदि आप फैसले को देखें तो पता लगेगा कि हमने निर्दिष्ट किया है कि बांड नंबर प्रदान करना होगा। मुख्य याचिकाकर्ता एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण पेश हुए।




शीर्ष 30 चंदादाताओं में से कम से कम 14 पर छापे मारे गए हैं। इस साल की शुरुआत में एक जांच में पाया गया कि ईडी, सीबीआई, आईटी छापे के बाद कंपनियों को चुनावी ट्रस्टों के माध्यम से भाजपा को दान देने के लिए मजबूर किया गया था। हेटेरो फार्मा और यशोदा अस्पताल जैसी कई कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से चंदा दिया है। उन्होंने कहा कि यह शेल कंपनियों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग है। इलेक्टोरल बांड योजना के मामले में एक बड़ा मुद्दा यह है कि इसने यह प्रतिबंध हटा दिया कि किसी कंपनी के मुनाफे का केवल एक छोटा प्रतिशत ही दान किया जा सकता है, जिससे शेल कंपनियों के लिए काला धन डोनेट करने का रास्ता साफ हो गया।

### चुनावी बांड का विवरण स्कैन किया जाना चाहिए : पीठ

चुनाव आयोग के एक आवेदन पर पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत के समक्ष चुनाव आयोग द्वारा प्रस्तुत चुनावी बांड का विवरण स्कैन किया जाना चाहिए और इसे वेबसाइट पर अपलोड करने के उद्देश्य से वापस किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग ने अधिवक्ता अमित शर्मा के माध्यम से शीर्ष में एक याचिका दायर कर 12 अप्रैल 2019 और 2 नवंबर 2023 के पिछले आदेशों के संदर्भ में शीर्ष अदालत को सौंपे गए चुनावी बांड पर डेटा जारी करने का निर्देश देने की मांग की। शीर्ष अदालत के 11 मार्च 2024 के आदेश के अनुसार चुनाव आयोग ने गुरुवार को एसबीआई द्वारा उसे दिए गए चुनावी बांड पर डेटा अपलोड कर दिया था। इस बीच कांग्रेस ने मोदी सरकार के चुनावी बांड जारी करने के निर्णय को लूट की नीति करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि यह उसकी भारतीय जनता पार्टी का खजाना भरने के लिए पैसा जुटाने की चंदा दो धंधा लो की नीति साबित हुई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने चुनाव आयोग के राजनीतिक दलों को चुनावी बांड से मिले चन्दे की सूची सार्वजनिक करने पर प्रतिक्रिया में आज कहा कि सरकार की चुनावी बांड नीति से साफ हो गया है कि उसने उन्हीं कंपनियों और व्यक्तियों को काम दिया है जिन्होंने भाजपा को चुनावी बॉन्ड्स के मध्यम से चंदा दिया।

### कन्याकुमारी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया प्रधानमंत्री ने

# द्रमुक, कांग्रेस का इतिहास घोटालों और भ्रष्टाचार से भरा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



**तेजयुग न्यूज़**

**कन्याकुमारी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक)-कांग्रेस गठबंधन तमिलनाडु को कभी भी विकसित राज्य नहीं बना सकता क्योंकि इसका इतिहास घोटालों और भ्रष्टाचार से भरा हुआ है। श्री मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए देश के दक्षिणी हिस्से तक पहुंच बनाने के अभियान के तहत यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, एक तरफ, आपके पास (लोगों के पास) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कल्याणकारी योजनाएं हैं।

दूसरी तरफ, आपके पास इंडिया समूह के घोटालों की सूची है। हमने लोगों को ऑप्टिकल फाइबर और 5जी इंटरनेट मुहैया कराया, लेकिन इंडिया गठबंधन ने 2जी घोटाला करके लोगों के पैसे ले लिये। हमने उड़ान योजना शुरू की और उन्होंने हेलिकॉप्टर घोटाला शुरू किया। हमारे पास खेलो इंडिया के नतीजे हैं, उनके पास राष्ट्रमंडल खेल घोटाला है। उन्होंने कहा कि द्रमुक और कांग्रेस लोगों को लूटने के लिए सत्ता में आना चाहते हैं। द्रमुक 2जी घोटाले की सबसे बड़ी लाभार्थी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने देश को तोड़ने का सपना देखने वालों को खारिज कर दिया। अब, तमिलनाडु के लोग भी ऐसा ही करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, इस बार तमिलनाडु में हमारा प्रदर्शन द्रमुक-कांग्रेस गठबंधन के अहंकार को चकनाचूर कर देगा। आज, देश के दक्षिणी छोर कन्याकुमारी से जो लहर उठ रही है, वह बहुत दूर तक जाएगी।

श्री मोदी ने इस वर्ष तमिलनाडु की अपनी पांचवीं यात्रा के दौरान द्रमुक पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पार्टी राज्य के भविष्य और विरासत की दुश्मन है तथा उससे जुड़े लोग भारतीय संस्कृति से नफरत करते हैं। उन्होंने कहा, मैं अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले तमिलनाडु आया और महत्वपूर्ण मंदिरों के दर्शन किये, लेकिन द्रमुक सरकार ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का प्रसारण रोकने का प्रयास किया। इस पर उच्चतम न्यायालय को तमिलनाडु सरकार को फटकार लगानी पड़ी। उन्हें (द्रमुक को) नयी संसद में सेंगोल की स्थापना भी पसंद नहीं आयी। उन्होंने कहा कि द्रमुक और कांग्रेस केवल महिलाओं को धोखा देना और उनका अपमान करना जानते हैं। तमिलनाडु के लोग जानते हैं कि द्रमुक ने तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जे. जयललिता के साथ कैसा व्यवहार किया था।

वह संस्कृति आज भी जारी है। द्रमुक और कांग्रेस दोनों महिला विरोधी हैं और वे महिलाओं के नाम पर राजनीति करते रहे हैं। द्रमुक नेताओं ने महिला आरक्षण विधेयक लाने के केंद्र के कदम पर भी सवाल उठाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने तमिलनाडु में जल्लीकट्टू की वापसी का मार्ग प्रशस्त किया और राज्य के विकास के लिए बिना रुके काम किया।

### ईडी और आईटी की छापामारी के बाद खरीदे चुनावी बॉंड

# जांच का फंदा से बचने का तरीका चुनावी चंदा

**›› कुछ ने ईडी की जांच के पहले भी दिया चंदा**

**›› जांच के दायरे में आयी कंपनियों ने का धंधा**

**›› चंदा देने के बाद जांच की प्रकिया धीमी हुई**

**तेजयुग न्यूज़**

**नईदिल्ली:** चुनाव आयोग द्वारा चुनावी बॉड खरीद की सूचना सार्वजनिक किये जाने के बाद कई राज खुल रहे हैं। प्रारंभिक तौर पर यह पता चला है कि चुनावी बांड के शीर्ष खरीददारों में शामिल कंपनियों का विश्लेषण कई दिलचस्प पैटर्न सामने लाता है। आम कड़ियों में से एक यह है कि शीर्ष दाता सूची में बड़ी संख्या में कंपनियां पिछले पांच वर्षों में किसी समय प्रवर्तन निदेशालय या आयकर विभाग की जांच के दायरे में थीं। कुछ मामलों में, ऐसी खोजों के बाद के दिनों में, इन फर्मों द्वारा बांड का एक बड़ा हिस्सा खरीदा गया था।


SBI
भारतीय स्टेट बैंक STATE BANK OF INDIA
(भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 के तहत गठित/Constituted under the State Bank of India Act, 1955
कॉरपोरेट केन्द्र, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021
Corporate Centre, State Bank Bhavan, Madame Cama Road, Nariman Point, Mumbai - 400021
इलेक्टोरल बॉण्ड/ELECTORAL BOND
(प्रोमेसरी नोट के स्वरूप में/IN THE FORM OF PROMISSORY NOTE)
जारी करने की तिथि / DATE OF ISSUE : 10 APR 2018
जारी करने की तिथि से 15 दिनों तक वैध / VALID UPTO 15 DAYS FROM THE DATE OF ISSUE
लिखत की राशि / VALUE OF THE INSTRUMENT : ₹ 1,000/- (रुपये एक हजार मात्र / Rupees One Thousand

फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज पीआर चुनावी बांड मार्ग के माध्यम से राजनीतिक दलों को सबसे बड़ा दानकर्ता था, जिसकी संचयी राशि 1,368 करोड़ रुपये थी। मई 2023 में, ईडी ने प्रसिद्ध लॉटरी दिग्गज और कंपनी के प्रबंध निदेशक सैंटियागो मार्टिन के चेन्नई स्थित आवास पर तलाशी ली थी। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कोयंबटूर में कंपनी के व्यावसायिक परिसरों में भी तलाशी ली थी। एक साल पहले, 2 अप्रैल, 2022 को ईडी ने कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों के खिलाफ लॉटरी घोटाले के मामले में पीएमएलए के तहत 410 करोड़ की चल संपत्ति जब्त की थी। दिलचस्प बात यह है कि पांच दिन बाद, 7 अप्रैल, 2022 को, कंपनी ने 100 करोड़ रुपये के चुनावी बांड की महत्वपूर्ण खरीद की, जो एक ही तारीख में उनके सबसे बड़े लेनदेन में से एक था। कंपनी द्वारा खरीदे गए 1,368 करोड़ मूल्य के बांड में से 50 फीसद ईडी की तलाशी से पहले और 50 फीसद तलाशी के बाद खरीदे गए थे।

समान पैटर्न का अनुसरण करने वाली कंपनियों का दूसरा समूह केवेंटर फूड पार्क इंफ्रा लिमिटेड, एमकेजे एंटरप्राइजेज लिमिटेड और मदनलाल लिमिटेड हैं। ये तीनों कंपनियां कोलकाता, पश्चिम बंगाल में एक ही पते पर पंजीकृत हैं और इनमें कम से कम एक समानता है। निदेशक। सामान्य निदेशक श्री सिद्धार्थ गुप्ता हैं, लेकिन तीनों कंपनियों को अलग-अलग वर्षों में शामिल किया गया था। एमकेजे एंटरप्राइजेज को 1982 में, मदनलाल को 1983 में और केवेंटर फूड पार्क को 2010 में निगमित किया गया था।

# दुनिया भर में बढ़ जाएंगे चॉकलेट के दाम



**नयी दिल्ली:** लंदनः आइवरी कोस्ट और घाना में प्रमुख अफ्रीकी कोको संयंत्रों ने प्रसंस्करण बंद कर दिया है या कटौती कर दी है क्योंकि वे बीन्स खरीदने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं, चार व्यापारिक स्त्रोतों ने कहा, जिसका अर्थ है कि दुनिया भर में चॉकलेट की कीमतें बढ़ने की संभावना है। दुनिया के लगभग 60 फीसद कोको का उत्पादन करने वाले दो देशों में, तीन साल की खराब कोको फसल के बाद, चॉकलेट निमार्ताओं ने पहले ही उपभोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ा दी हैं, जो कि चौथी बार होने की उम्मीद है। पिछले वर्ष की तुलना में कोको की कीमतें दोगुनी से भी अधिक हो गई हैं, जो सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। कोको के विश्व विशेषज्ञ, ट्रॉपिकल रिसर्च सर्विसेज के स्टीव वाटरिज ने कहा, हमें आपूर्ति विनाश को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर मांग में कमी की जरूरत है।